राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप **(SPMG)** नमामि गंगे उत्तराखंड द्वारा सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों के अर्न्तगत **Ghat Beautification** के कार्य किये जाने हेतु पात्र एजेन्सी/संस्था के चयन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव

# Expression of Interest (EoI)


राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप (SPMG)
नमामि गंगे उत्तराखंड
105 (नया नं0 545/941), राजपुर रोड़,
नजदीक आर.टी.ओ. कार्यालय, देहरादून–248001
फोनः 0135 – 2769932
वेबसाईट–**www.spmguttarakhand.uk.gov.in**
ईमेल–**spmgngrba.utk01@gmail.com**


**EoI No- 44/SPMG/Namami Gange/IEC/2024**
जारी करने का दिनांक – 12.02.2024

# राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप (SPMG) नमामि गंगे उत्तराखंड द्वारा सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों के अन्तर्गत Ghat Beautification के कार्य किये जाने हेतु पात्र एजेन्सी/संस्था के चयन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव

# Expression of Interest (EoI)

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी), जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत पाँच गंगा बेसिन राज्यों में विभिन्न परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा संचालित गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के सम्बन्ध में व्यापक जन जागरूकता एवं इनके क्रियान्वयन में व्यापक स्तर पर जनभागीदारी सुनिश्चित करने के दृष्टिगत एसपीएमजी के तत्वाधान में सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई0ई0सी0) गतिविधियों हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का समय–समय पर आयोजन किया जाता है जिन्हें उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों/नगरों/शहरों में आयोजित किया जाता है।

राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप (SPMG) नमामि गंगे उत्तराखंड इस अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EoI) के माध्यम से सूचना, शिक्षा एवं संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों के अर्न्तगत प्रस्तावित Ghat Beautification के कार्य किये जाने हेतु पात्र एजेन्सी/संस्था के चयन किये जाने के लिए अनुभवी/प्रतिष्ठित पंजीकृत एजेन्सीयों/संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

**1– प्रस्तावकों हेतु आवश्यक निर्देश :–**

- यह अभिरूचि की अभिव्यक्ति प्रस्ताव (EoI) केवल प्रस्तावित Ghat Beautification के कार्य सम्पादित किये जाने के लिए है।
- एस.पी.एम.जी. को EoI में उल्लेखित नियम एवं शर्तों के अधीन पात्र एजेन्सीं/संस्था का चयन किए जाने का अधिकार सुरक्षित है।
- आवेदकों को इस प्रस्ताव में निहित आवश्यकताओं के अनुसार अपने प्रस्ताव जमा करने होंगे।
- एस.पी.एम.जी. को EoI में उल्लेखित सूचनाओं को अद्यतन करने एवं संशोधन करने का अधिकार है, जिसके अन्तर्गत प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि एंव समय के साथ ही योग्यता प्रक्रिया भी सम्मिलित है। प्रस्तावक एस.पी.एम.जी. की वेबसाईट www.spmguttarakhand.uk.gov.in का इस EoI से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के शुद्धिपत्र एवं तत्सम्बन्धी सूचनाओं के सम्बन्ध में प्रस्ताव जमा करने से पूर्व आवश्यक रुप से भलीभांति अवलोकन कर लें।
- अनुसूची में निर्धारित अन्तिम तिथि/समय के उपरान्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**2– प्रस्ताव की अनुसूची–**

| क्र. सं. | जानकारी | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | पता जिस पर आवेदन जमा किया जाना है | कार्यालय, कार्यक्रम निदेशक<br>राज्य परियोजना प्रबन्धन ग्रुप<br>नमामि गंगे, उत्तराखण्ड |

| | | |
|---|---|---|
| | | 105 (नया नं0 545/941), राजपुर रोड़, नजदीक आर.टी.ओ. कार्यालय, देहरादून–248001 |
| 2 | प्रस्ताव जमा करने की प्रारम्भ तिथि/समय | 13.02.2024 अपराह्न 01.00 बजे से |
| 3 | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 27.02.2024 अपराह्न 03.00 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि/समय | 27.02.2024 अपराह्न 04.00 बजे |
| 5 | अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EoI) अभिलेख का शुल्क | रू0 2,000.00 मात्र (डिमान्ड ड्राफ्ट) |
| 6 | धरोहर धनराशि (EMD) का शुल्क | रू0 40,000.00 मात्र (एफ.डी.आर.) |
| 7 | निविदा की वैधता तिथि | निविदा जमा करने की तिथि से 60 दिवस हेतु। |

3– कार्य का विस्तृत विवरण

एस.पी.एम.जी. ऐसी सक्षम एजेन्सीं/संस्था को Ghat Beautification के कार्यो के सम्पादन के लिये चयन किये जाने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित करता है, जो किसी भी प्रकार के Ghat Beautification के कार्यो के सफल क्रियान्वयन हेतु सक्षम हों। Ghat Beautification से सम्बन्धित कार्यो हेतु विभिन्न प्रस्तावित गतिविधियों का विवरण निम्नवत है–

Murals work, 3D Painting work, STP/Ghat Models, Decorations during Deep Deepawali, Signage work, “Namami Gange” Glowing sign board Installation, Vertical Gardening work, Development of green areas, Fountain, Theme Lighting work, Painting work, Goddess Ganga Idol installation etc.

एस.पी.एम.जी. द्वारा उपरोक्त वर्णित विभिन्न Ghat Beautification से सम्बन्धित कार्यो के अर्न्तगत निम्न कार्य हरिद्वार एवं ऋषिकेश ये जाने प्रस्तावित हैं –

1- Solar Flower Light with Suitable Artificial Flower, Pot fitted with glow led light with all fixing (Complete). - At Green area of Chandighat Bathing ghat area, Haridwar.
2- Solar light in bolard iron structure with minimum 12 ft. height in multiple colors and sensors (bhawar UFO LAMP, LED make- Epistar /Philips/Havells, number of LED- 824 - 5730 led, Panel -5w 15Wpoly, power -200 w / 15 w, battery-- 3.2 volt 15 ah po4, Lithium ferrophosphate, charging time - 7 to 8 hours, lightning time - 2_3 night, size 420 x 420x 125mm, sensor -induction motion, pole dia - 76mm, light color - cool white with remote features and 2 year warranty) (Complete). - At Chandighat bathing area, Haridwar.
3- Fiber wall murals with religious theme with all fixing (Complete). - At the bank of river Ganga in 7.5 MLD STP, Chandreshwar Nagar boundary beside Ganga Ghat in Muni Ki Reti.
4- Vertical Gardening work with all fixing in iron structure including welding with PVC pot and plant (Complete). - At the bank of river Ganga in 7.5 MLD STP, Chandreshwar Nagar boundary beside Ganga Ghat in Muni Ki Reti.
5- Toranto Lighting (Alphabetical Area denominations) with Suitable MS Iron Base, Lighting illumination as required (Complete). - Near the steps of ghat/Water tank of Chandighat Bathing Area, Haridwar.
6- 3D lenticular Print on 20 LPI / 10 LPI – 3.25 mm thick lenticular sheet of PS (polystyrene) material (Complete). - At the wall of Interpretation center of Chandighat Bathing Ghat, Haridwar.

एस.पी.एम.जी. द्वारा उपरोक्त वर्णित विभिन्न Ghat Beautification से सम्बन्धित कार्यो के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में प्रस्तावकों द्वारा किये जाने वाले कार्यो का विस्तृत विवरण :–

1. एस.पी.एम.जी. की अपेक्षानुसार प्रस्तावित Ghat Beautification से सम्बन्धित कार्यो की अवधारणा करनी होगी।
2. Ghat Beautification के कार्यों हेतु आवश्यक अनापत्तियां/अनुमोदन जैसे विभिन्न सरकारी/गैर सरकारी विभागों एवं स्थल से संबंधित अनापत्तियां/अनुमोदन प्राप्त करना।
3. Ghat Beautification के कार्यों हेतु आवश्यक समस्त प्रकार के Material, Labour & Machinery आदि की व्यवस्था करना।
4. Ghat Beautification के कार्यों के क्रियान्वयन के दौरान किसी भी आकस्मिक दुर्घटना की पूर्ण जिम्मेदारी संस्था की होगी।
5. Ghat Beautification के कार्यों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक समुचित कुशल/अकुशल कर्मचारियों की व्यवस्था करना।
6. Ghat Beautification के कार्यों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सभी तकनीकी सेवाएं जैसे पावर एंड इलैक्ट्रिसिटी, साइलेन्ट डीजी सेट्स, लाइटिंग, वायरिंग एवं केबलिंग आदि की व्यवस्था करना।
7. Ghat Beautification के कार्यों के सफल सम्पादन के पश्चात सम्पादित किये गये कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करना।

**4— तकनीकी पात्रता मानक/योग्यतायें**

इच्छुक एजेन्सीयों/संस्थाओं से निम्नलिखित पात्रता योग्यताओं को पूर्ण करने की अपेक्षा की जाती है। प्रस्तावक यदि इन पात्रताओं को पूरा करने में विफल रहते हैं या अपेक्षित प्रस्तुत अभिलेखों द्वारा साक्ष्यों को प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो उनका प्रस्ताव अस्वीकार किया जायेगा। एस.पी.एम.जी. द्वारा वांछित सूचना और उसके समर्थन में उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के आधार पर प्रस्ताव का मूल्यांकन किया जाएगा।

| क्र.सं. | चयन हेतु पात्रता मानक एवं अपेक्षित आवश्यक दस्तावेज |
|---|---|
| 1 | प्रस्तावक एजेन्सीं/संस्था पंजीकृत हों एवं जिसने Beautification के कार्यों का गत तीन वर्षों (03 वर्ष) से उत्तराखण्ड राज्य में सम्पादन किया हो। प्रस्तावक को तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। |
| 2 | प्रस्तावक एजेन्सीं/संस्था को भारत में लागू कर प्रणाली जैसे जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाणपत्र और पैन कार्ड आदि की स्वप्रमाणित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करनी होगी। |
| 3 | प्रस्तावक एजेन्सीं/संस्था का पिछले तीन वर्षों में वार्षिक औसत कारोबार (टर्नओवर) कम से कम रू0 25.00 (पच्चीस) लाख होना चाहिए (वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 और 2022–23)। प्रस्तावक को इससे सम्बन्धित चार्ट्ड एकाउन्टैन्ट (सीए) द्वारा प्रमाणित ऑडिटेड बैलेंस शीट एवं सी.ए. द्वारा प्रमाणित टर्नओवर सर्टिफिकेट संलग्न करना होगा। |
| 4 | प्रस्तावक एजेन्सीं/संस्था के द्वारा गत तीन वर्षो में समान Beautification प्रकृति के कार्य सरकारी क्षेत्र/सार्वजनिक उपक्रमों/मंत्रालयों/स्वायत्त संगठनों/कार्पोरेट आदि में कम से कम **एक कार्य** रू0 15.00 लाख का या **दो कार्य** रू0 10.00 लाख प्रति कार्य या **तीन कार्य** रू0 8.00 लाख प्रति कार्य तक का कार्य किया होना चाहिए। प्रस्तावक को इससे सम्बन्धित |

| | |
|---|---|
| | कार्यादेश / कार्य आवंटन पत्र / समझौतों के पत्र (MoU) और कार्य सम्पादन का प्रमाणपत्र जो कि विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा प्रमाणित हो प्रस्ताव के साथ संलग्न करने होंगे। |
| 5 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था में कम से कम 15 तकनीकी रूप से सक्षम कर्मचारी कार्यरत होने चाहिए। कर्मचारियों की संख्या से सम्बन्धी प्रमाण हेतु फर्म / कम्पनी के अधिकृत हस्ताक्षरी से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र संलग्न करें। |
| 6 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था का रजिस्टर्ड कार्यालय उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी शहर में होना चाहिए। |
| 7 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था को पिछले 01 वर्ष की अवधि के दौरान किसी भी राज्य / केंद्र सरकार या इनके उपक्रमों द्वारा ब्लैक लिस्टेड / अयोग्य / समाप्त / निरस्त / अयोग्य घोषित नहीं किया होना चाहिए। तत्सम्बन्धी शपथ पत्र रू0 10 के नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटीराईज्ड प्रस्ताव के साथ संलग्न करना होगा। |
| 8 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था को पूर्व में वर्णित किसी भी तीन Beautification सम्बंधी कार्यों के लिए किए गए कार्यो पर एक विस्तृत तकनीकी प्रस्तुति {Presentation} फोटोग्राफ सहित जिसमें Beautification कार्य की संकल्पना योजना (Concept) शामिल हो जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रारूपों का पता चल सके। प्रस्तुति की प्रतिलिपि (Soft and Hard copy) प्रस्ताव के साथ संलग्न की जायेगी। |

## 5– मूल्यांकन अर्हताएं

प्रस्तावों का मूल्यांकन नीचे दिए गए तालिका में उल्लिखित अर्हताओं के आधार पर होगा –

| क्रमांक | अर्हतायें | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1 | एजेन्सीं / संस्था का पंजीकरण<br>• 05 वर्ष पुराना – 5 अंक<br>• 03 वर्ष 01 माह से 5 वर्ष तक – 07 अंक<br>• 05 वर्ष 01 माह से अधिक – 10 अंक | 10 |
| 2 | गत 3 वित्तीय वर्षों के लिए एजेन्सीं / संस्था के औसत वार्षिक कारोबार हेतु –<br>• रू0 25.00 लाख तक के लिए 5 अंक<br>• रू0 25.00 लाख से 30.00 लाख तक 7 अंक<br>• रू0 30.00 लाख से अधिक तक 10 अंक | 10 |
| 3 | गत 3 वर्षों में सरकारी / सार्वजनिक उपक्रमों / मंत्रालयों / स्वायत संगठनों / कार्पोरेट आदि के लिए समान प्रकृति के Beautification कार्यों में प्रासंगिक अनुभव हेतु –<br>• रू0 15.00 लाख या उससे अधिक के एक कार्य के लिए 30 अंक<br>अथवा<br>• रू0 10.00 लाख या उससे अधिक (अधिकतम 15 लाख से कम तक) के दो कार्य के लिए 25 अंक<br>अथवा<br>• रू0 8.00 लाख या उससे अधिक (अधिकतम 10.00 लाख से कम तक) के तीन कार्यों के लिए 20 अंक | 30 |
| 4 | आवेदक संस्था में कार्यरत कर्मचारी की संख्या – | 10 |

| | | |
|---|---|---|
| | • एजेंसी/संस्था में 15 कर्मचारियों के कार्यरत होने पर अधिकतम 5 अंक।<br>• 15 से अधिक कर्मचारियो के एजेन्सी में कार्यरत होने पर प्रति कर्मचारी हेतु 1 अंक (अधिकतम 5 अंक )। | |
| 5 | प्रस्तावक एजेन्सीं/संस्था के एक से अधिक कार्यालय होने पर<br>• उत्तराखण्ड राज्य में एक कार्यालय होने पर (05 अंक)<br>• उत्तराखण्ड राज्य में किसी भी शहर में एक और अतिरिक्त कार्यालय होने पर (प्रत्येक शहर के लिए अधिकतम 5 अंक) | 10 |
| 6 | प्रस्तावक एजेन्सीं/संस्था को पूर्व में वर्णित किसी भी तीन Beautification कार्यो के लिए किए गए कार्यो की विस्तृत तकनीकी प्रस्तुति {Presentation} की प्रतिलिपि (Soft and Hard copy) प्रस्ताव के साथ संलग्न की जायेगी –<br>**Ghat Beautification कार्य की संकल्पना (Concept)–**<br>वार्षिक रिपोर्ट, फोटोग्राफ, वीडियो, किये गये कार्यों का विस्तृत प्रस्तुति, प्रयुक्त सामग्री के नमुने, मॉडल आदि का डिजाइन जिससे **कार्यों** की गुणवत्ता का पता चल सके।<br>न्यूनतम 10 अंक से अधिकतम 30 अंक। | 30 |
| • प्रस्तावों के मूल्यांकनोपरान्त न्यूनतम 70 अंक प्राप्त करने वाले प्रस्तावकों के प्रस्ताव ही वित्तीय निविदा हेतु पात्र होंगे। | | |

6– अन्य नियम और शर्तें –

- प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि– लिफाफे में बन्द प्रस्तावो की प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय का विवरण प्रस्ताव की अनुसूचि में निर्धारित है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाले किसी भी प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जायेगा ।
- प्रस्ताव वाले लिफाफे को ठीक से सीलबन्द कर लिफाफे के ऊपर **"Ghat Beautification कार्य हेतु पात्र एजेन्सी/संस्था के चयन का प्रस्ताव**" लिखा जाना चाहिए।
- **निविदा/प्रस्ताव शुल्क–** रुपये 2000.00 (Non-refundable) जो डिमांड ड्राफ्ट के रूप में प्रस्ताव के साथ जमा करना होगा। यह शुल्क "**कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप, देहरादून**" के पक्ष में देहरादून में देय डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान किया जाना चाहिए। निविदा/प्रस्ताव शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।
- **धरोहर धनराशि** (EMD) **शुल्क** – रुपये 40,000.00 जो कि सावधि जमा रसीद (एफ.डी.आर.) के रूप में प्रस्ताव के साथ जमा करना होगा। यह एफ.डी.आर. "**कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप, देहरादून**" के नाम पर बन्धक होनी अनिवार्य है। असफल हुए प्रस्तावकों की (एफ. डी.आर.) को वापस कर दिया जायेगा। सफल हुए प्रस्तावकों की एफ.डी.आर. को Ghat Beautification के कार्यों के सफल क्रियान्वयन के उपरान्त वापस किया जायेगा।
- **प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता–** प्रस्ताव के प्रत्येक पृष्ठ पर प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा हस्ताक्षर (मोहर सहित) किया जाना चाहिए और उनके संपर्क का पता/विवरण का मुख पृष्ठ पर उल्लेख किया जाना चाहिए।

- डाक/कोरियर द्वारा प्रेषित प्रस्ताव – डाक/कोरियर द्वारा प्रेषित प्रस्ताव निर्धारित तिथि और समय से पूर्व पहुँचने चाहिए जैसा कि ऊपर उल्लेखित है। एस.पी.एम.जी. डाक/कोरियर द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के विलम्ब से पहुंचने पर किसी भी रूप में उत्तरदायी नहीं होगा।
- **कार्यादेश पत्र–** एस.पी.एम.जी. सफलतापूर्वक पात्र प्रस्तावकं को कार्यादेश पत्र जारी करेगा।
- **निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि** का डिमाण्ड ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. प्रस्ताव के साथ संलग्न न होने की स्थिति में ऐसे प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

### 7– अयोग्यता/काली सूची घोषणा

एस.पी.एम.जी. द्वारा जारी किए गये कार्यादेश पत्र को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और यदि ज्ञात होता है कि प्रस्तावक एजेंसी/संस्था द्वारा किसी भी तरह की झूठी सूचना या किसी अन्य नैतिक आधार पर गलत सूचना प्रदान की है तो इस आधार पर एजेंसी/संस्था को 7 दिन पूर्व लिखित सूचना देकर अयोग्य घोषित कर सम्बन्धित फर्म को काली सूची डाले जाने सम्बन्धी सूचना राज्य सरकार से सम्बन्धित सभी कार्यालयों को प्रेषित कर दी जायेगी। प्रस्तावक द्वारा इस हेतु 10 रूपये के नान–जूडिशियल स्टॉम्प पेपर पर नोटिराईज्ड शपथ पत्र प्रस्ताव के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

### 8– कार्य की प्रस्तुति (Presentation)

आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों के मूल्यांकन के एक भाग के रूप में, एस.पी.एम.जी. मूल्यांकन उद्देश्यों के लिए एजेंसी/संस्था से प्रस्तुतिकरण (Presentation) की प्रति (Soft and Hard copy) आवेदन के साथ प्रस्तुत की जायेगी।

### 9– प्रस्ताव में संशोधन

प्रस्ताव प्राप्त करने की अंतिम तिथि से पूर्व किसी भी समय, एस.पी.एम.जी. किसी भी कारण से चाहे वह अपनी पहल पर हो या किसी संभावित प्रस्तावक द्वारा अनुरोध किए गए स्पष्टीकरण के जवाब में, संशोधन द्वारा प्रस्ताव दस्तावेज को संशोधित कर सकता है। संभावित प्रस्तावको को उचित समय प्रदान करने के लिए, जिससे उनको प्रस्तावों को तैयार करने का या उसमें संशोधन करने के लिए, पर्याप्त समय मिल सके एस.पी.एम.जी. अपने विवेक पर प्रस्तावों की प्राप्ति की अंतिम तिथि बढ़ा सकता है या उसमें निर्धारित आवश्यकताओं में अन्य परिवर्तन कर सकता है।

आवेदक को अपने प्रस्तावों को जमा करने से पहले किसी भी परिवर्तन या संशोधन/शुद्धिपत्र के लिए एस.पी.एम.जी. की वेबसाईट का नियमित अवलोकन करना आवश्यक है ।

### 10– प्रस्ताव के आवश्यक संलग्नक दस्तावेज

प्रस्ताव में निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न होने चाहिए–

- प्रस्ताव के साथ पात्रता हेतु अनुसूची में वर्णित सभी संलग्नक दस्तावेज।
- कोई अन्य विवरण जो प्रस्ताव के समर्थन में प्रस्तावक प्रदान करना चाहता हो।

  प्रस्ताव के साथ संलग्न कर सकता है।

### 11– आवेदन का अस्वीकरण

क) प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि–

- प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्रों में नहीं हो और सभी आवश्यक विवरणों के साथ जमा नहीं किया गया हो।
- आवश्यकतानुसार मोहर के साथ प्रस्ताव हस्ताक्षरित नहीं किया गया हो।
- निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त एस.पी.एम.जी. में प्राप्त हुआ हो। विलम्ब से प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसे प्रस्तावों को वापस भी नहीं लौटाया जाएगा।
- प्रस्ताव के साथ आवश्यक संलग्नक दस्तावेजों का संलग्न न होना।

ख) एस.पी.एम.जी. निम्न अधिकार सुरक्षित रखता है–

1. बिना किसी कारण बताए किसी भी/सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करना।
2. EoI दस्तावेज में निर्धारित शर्तों में से किसी भी शर्त को बिना किसी कारण के एस.पी.एम.जी. के सर्वोत्तम हित में आवश्यक अथवा उसमें छूट देना।
3. प्रस्तावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से पहले किसी भी समय कार्य की गतिविधियों में किसी अन्य आइटम को शामिल करना आदि।

ग) किसी भी या सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने का अधिकार – EoI दस्तावेज में उल्लेखित नियम एवं शर्तो के बावजूद, कार्यक्रम निदेशक, एस.पी.एम.जी. किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार करने या अस्वीकार करने, चयन प्रक्रिया को रद्द करने एवं सभी प्रस्तावों को अस्वीकार करने के अधिकार सुरक्षित हैं।

**12– प्रस्ताव का प्रस्तुतिकरण**

इच्छुक एजेंसी/संस्था अपने तकनीकी प्रस्ताव प्रोफाईल और अन्य विवरणों के साथ एक सीलबंद लिफाफे में जिसके उपर **Ghat Beautification कार्य हेतु तकनीकी प्रस्ताव** लिखा हो तथा वित्तीय प्रस्ताव एक अन्य सीलबंद लिफाफे में जिसके उपर **Ghat Beautification कार्य हेतु वित्तीय प्रस्ताव** लिखा हो एवं दोनो सीलबन्द लिफाफों को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में जिसके ऊपर "**Ghat Beautification कार्य हेतु पात्र एजेन्सी/संस्था के चयन का प्रस्ताव**" लिखकर लिफाफे को **कार्यक्रम निदेशक, राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप, नमामि गंगे उत्तराखंड, 105 (नया नं0 545/941), राजपुर रोड़, नजदीक आर.टी.ओ. कार्यालय, देहरादून–248001** के पते पर प्रस्ताव की अनुसूचि में उल्लेखित निर्धारित अंतिम तिथि व समय तक भेज सकते हैं या जमा करा सकते हैं।

अनुलग्नक –क

## प्रस्तावक की ओर प्रस्ताव प्रेषण का मुख पत्र

दिनांक

सेवा में,

कार्यक्रम निदेशक<br>
राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप ((एस.पी.एम.जी.)<br>
नमामि गंगे, उत्तराखंड,<br>
105 (नया नं0 545/941), राजपुर रोड़,<br>
नजदीक आर.टी.ओ. कार्यालय, देहरादून–248001

विषय– "**Ghat Beautification** कार्य हेतु पात्र एजेन्सी/संस्था के चयन का प्रस्ताव" हेतु आवेदन पत्र।

महोदय,

अभिरूचि की अभिव्यक्ति दस्तावेज की जांच करने के उपरान्त इसके कार्यक्षेत्र का विवरण देते हुए, मैंने/हमने एतदद्वारा Ghat Beautification कार्यों के सम्पादन हेतु एजेंसी/संस्था के रूप में एस.पी.एम.जी. के साथ हमें अनुबंधित करने हेतु सभी आवश्यक अपेक्षित जानकारी एवं प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया है ।

यह प्रस्ताव मेरे द्वारा/हमारी ओर से श्री ........................................... (एजेंसी/संस्था) .................... को इस प्रस्ताव को प्रस्तुत करने हेतु विधिवत रूप से अधिकृत किया गया है।

मैं /हम समझते हैं कि एस.पी.एम.जी. के पास कोई भी कारण बताए बिना किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार है। मैं/हम यह वचन देते हैं कि प्रस्ताव में मेरे/हमारे द्वारा दी गई सभी जानकारियॉ मेरे/हमारे संज्ञान और विश्वास में सही हैं। यदि किसी भी जानकारी को बाद के सत्यापन पर गलत पाया जाता है, तो मुझे/हमें इस प्रस्ताव के द्वारा सूचीबद्ध फर्म्/कंम्पनी की सूची से हटाया जा सकता है।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता<br>
(नाम और पदनाम)<br>
एजेंसी/संस्था का नाम–<br>
पता–<br>
ईमेल आईडी–<br>
संपर्क विवरण–

## प्रस्तावक का संक्षिप्त विवरण

| क्रमांक | अपेक्षित पात्रतायें | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावक का नाम | |
| 2 | स्वामित्व (सरकारी / सार्वजनिक उपक्रम / निजी) | |
| 3 | प्रस्तावक का पंजीकरण प्रकार– प्रोपराइटरशिप / एजेंसी / संस्था / अन्य (कृपया सत्यापित प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें) | |
| 4 | प्रस्तावक का पता (पंजीकृत कार्यालय एवं पत्राचार) | |
| 5 | क) पैन नंबर<br>ख) जी.एस.टी. नंबर | |
| 6 | प्रमुख प्रबंधनकर्ता व्यक्ति का नाम और पदनाम | |
| 7 | प्रस्तावक एजेंसी / संस्था की स्थापना की तिथि एवं वर्ष | |
| 8 | संबंधित क्षेत्र में अनुभव के वर्षो की संख्या | |
| 9 | क) तकनीकी दक्ष कर्मचारियों की संख्या<br>ख) Beautification सम्बन्धी कार्य के अनुभवी / दक्ष कर्मचारियों की संख्या | |
| 10 | एजेंसी / संस्था के सम्बन्ध में कोई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी, जिसे प्रस्तावक साझा करना चाहता है। | |
| 11 | अधिकृत हस्ताक्षरी का विवरण<br>नाम–<br>पदनाम–<br>पता –<br>मोबाईल –<br>ईमेल – | |

मोहर के साथ अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर

**नोट** :– प्रस्तावक अपेक्षित विवरण के साक्ष्य के रूप में तत्सम्बन्धी स्वप्रमाणित प्रपत्रों की प्रतियॉ आवश्यक रूप से संलग्न करें।

# प्रस्तावक के चयन हेतु मानक

| क्र. सं. | चयन के मानक एवं अपेक्षित आवश्यक सहायक दस्तावेज | संलग्न है या नही | संलग्नक संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था पंजीकृत हों एवं जिसने Beautification के कार्यों का गत तीन वर्षों (03 वर्ष) से उत्तराखण्ड राज्य में सम्पादन किया हो। प्रस्तावक को तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। | | |
| 2 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था को भारत में लागू कर प्रणाली जैसे जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाणपत्र और पैन कार्ड आदि की स्वप्रमाणित प्रति प्रस्ताव के साथ संलग्न करनी होगी। | | |
| 3 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था का पिछले तीन वर्षों में वार्षिक औसत कारोबार (टर्नओवर) कम से कम रू0 25.00 (पच्चीस) लाख होना चाहिए (वित्तीय वर्ष 2020—21, 2021—22 और 2022—23)। प्रस्तावक को इससे सम्बन्धित चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट (सीए) द्वारा प्रमाणित ऑडिटेड बैलेंस शीट एवं सी.ए. द्वारा प्रमाणित टर्नओवर सर्टिफिकेट संलग्न करना होगा। | | |
| 4 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था के द्वारा गत तीन वर्षो में समान Beautification प्रकृति के कार्य सरकारी क्षेत्र / सार्वजनिक उपक्रमों / मंत्रालयों / स्वायत्त संगठनों / कार्पोरेट आदि में कम से कम **एक कार्य** रू0 15.00 लाख का या **दो कार्य** रू0 10.00 लाख प्रति कार्य या **तीन कार्य** रू0 8.00 लाख प्रति कार्य तक का कार्य किया होना चाहिए। प्रस्तावक को इससे सम्बन्धित कार्यादेश / कार्य आवंटन पत्र / समझौतों के पत्र (MoU) और कार्य सम्पादन का प्रमाणपत्र जो कि विधिवत प्राधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा प्रमाणित हो प्रस्ताव के साथ संलग्न करने होंगे। | | |
| 5 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था में कम से कम 15 तकनीकी रूप से सक्षम कर्मचारी कार्यरत होने चाहिए। कर्मचारियों की संख्या से सम्बन्धी प्रमाण हेतु फर्म / कम्पनी के अधिकृत हस्ताक्षरी से हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र संलग्न करें। | | |
| 6 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था का रजिस्टर्ड कार्यालय उत्तराखण्ड राज्य के किसी भी शहर में होना चाहिए। | | |
| 7 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था को पिछले 01 वर्ष की अवधि के दौरान किसी भी राज्य / केंद्र सरकार या इनके उपक्रमों द्वारा ब्लैक लिस्टेड / अयोग्य / समाप्त / निरस्त / अयोग्य घोषित नहीं किया होना चाहिए। तत्सम्बन्धी शपथ पत्र रू0 10 के नॉन जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटीराईज्ड प्रस्ताव के साथ संलग्न करना होगा। | | |
| 8 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था को पूर्व में वर्णित किसी भी तीन Beautification सम्बंधी कार्यों के लिए किए गए कार्यो पर एक विस्तृत तकनीकी प्रस्तुति {Presentation} फोटोग्राफ सहित जिसमें Beautification कार्य की संकल्पना योजना (Concept) शामिल हो जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रारूपों का पता चल सके। प्रस्तुति की प्रतिलिपि (Soft and Hard copy) प्रस्ताव के साथ संलग्न की जायेगी। | | |

अनुलग्नक–घ

## प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था का विवरण

| कमांक | विवरण | वित्तीय वर्ष 2020 –21 | वित्तीय वर्ष 2021 –22 | वित्तीय वर्ष 2022–23 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रस्तावक एजेन्सीं / संस्था का वार्षिक टर्नओवर (रुपए में) | | | |
| | | | | |
| | 3 वर्ष का औसत टर्नओवर | | | |

नोट –
उपरोक्त वित्तीय वर्षों के लिए C.A द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट और लाभ और हानि खाते एवं टर्नओवर प्रमाणपत्र की प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर
नाम.........................
पद नाम :...............
आवेदनकर्ता का नाम

अनुलग्नक –च

**EoI** के बिन्दु (4) में उल्लिखित विभिन्न शर्तों के अनुसार प्रस्तावक के अनुभव का विवरण

| क्र.सं. | कार्यदायी संस्था/विभाग का विवरण | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त जानकारियों की जाँच मूल दस्तावेजों के आधार पर की गई है। लेटर ऑफ अवार्ड/एग्रीमेंट की प्रतियॉ, विधिवत प्रमाणित हैं और प्रस्ताव करने वाली एजेन्सीं/संस्था के अधिकृत हस्ताक्षरी/चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रमाणित प्रमाण पत्र विवरण के उक्त के साक्ष्य के रूप में संलग्न किया जा रहा है जो कि हमारे संज्ञान में सत्य है।

(चार्टर्ड अकाउंटेंण्ट के हस्ताक्षर,
पता, मोहर और सदस्यता संख्या)
या
(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर)

नोट– दस्तावेज जैसे लेटर ऑफ अवार्ड/एग्रीमेंट प्रस्तावक करने वाली एजेन्सीं/संस्था के अधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा विधिवत प्रमाणित होने चाहिए।

अनुलग्नक –छ

(एजेन्सीं / संस्था के लेटरहेड पर)

## एजेन्सीं / संस्था में कर्मचारियों की कुल संख्या हेतु प्रमाणपत्र

हम यह प्रमाणित करते हैं कि .................... (एजेन्सीं / संस्था का नाम) की एजेन्सीं / संस्था में कुल कार्यरत कर्मचारियों की संख्या .......... है। उपरोक्त सभी कर्मचारीगण विगत वर्ष .................... से एजेन्सीं / संस्था में .................................................. के कार्यो हेतु अपनी सेवा प्रदान करने में लगे हुए है।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम
और हस्ताक्षर मोहर सहित

अनुलग्नक –ज

**शपथ पत्र का प्रारुप**

( 10/– रुपये के नॉन–जूडिशियल स्टांप पेपर पर )

मैं/हम ......................................... प्रोपराइटर/डायरेक्टर ................................................... पूर्ण रूप से यह पुष्टि करते हैं कि हमारी एजेन्सीं/संस्था ..................................................... को कभी भी किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी/गैर सरकारी संगठन/कार्यालय द्वारा ब्लैक लिस्टेड/अयोग्य/समाप्त/निरस्त घोषित नहीं किया गया है और गत तीन वर्षों में इस प्रस्ताव से पूर्व खराब प्रदर्शन के आधार पर हमारे किसी भी कार्य को समय से पूर्व रद्द नहीं किया गया है।

................................
आवेदक का हस्ताक्षर
...................................
आवेदक का नाम

स्थान– .................
दिनांक– ....................

अनुलग्नक –झ

(एजेन्सीं / संस्था के लेटरहेड पर)

**प्रस्तावक की ओर प्रेषित किये जाने वाला वित्तीय प्रस्ताव**

दिनांक

सेवा में,

कार्यक्रम निदेशक
राज्य परियोजना प्रबंधन ग्रुप ((एस.पी.एम.जी.)
नमामि गंगे, उत्तराखंड,
105 (नया नं0 545 / 941), राजपुर रोड़,
नजदीक आर.टी.ओ. कार्यालय, देहरादून–248001

**विषय**– Ghat Beautification **कार्य हेतु पात्र एजेन्सी / संस्था के चयन हेतु प्रस्तुत वित्तीय प्रस्ताव।**

महोदय,

अभिरूचि की अभिव्यक्ति दस्तावेज की जांच करने के उपरान्त इसके कार्यक्षेत्र का विवरण देते हुए, मैंने / हमने एतद्द्वारा Ghat Beautification के कार्यो के सम्पादन हेतु पात्र एजेंसी / संस्था के रूप में एस.पी.एम.जी. के द्वारा हमें चयनित किये जाने हेतु सभी आवश्यक अपेक्षित जानकारी एवं प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

इस हेतु हमारी एजेंसी / संस्था द्वारा प्रस्तुत वित्तीय प्रस्ताव निम्नवत है –

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | संख्या / मात्रा | दर (प्रति नग / प्रति वर्गफीट) (रूपये मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | Solar Flower Light with Suitable Artificial Flower, Pot fitted with glow led light with all fixing (Complete). | 01 | |
| 2 | Solar light in bolard iron structure with minimum 12 ft. height in multiple colors and sensors (Complete). | 01 | |
| 3 | Fiber wall murals with religious theme with all fixing (Complete). | 01 | |
| 4 | Vertical Gardening work with all fixing in iron structure including welding with PVC pot and plant (Complete). | 01 | |
| 5 | Toranto Lighting (Alphabetical Area denominations) with Suitable MS Iron Base, Lighting illumination as required (Complete). | 01 | |
| 6 | 3D lenticular Print on 20 LPI / 10 LPI – 3.25 mm thick lenticular sheet of PS (polystyrene) material (Complete). | 01 | |
| नोट– उपरोक्त वित्तीय प्रस्ताव सभी कर सहित है। | | | |

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
(नाम और पदनाम)
एजेंसी / संस्था का नाम–
पता–

## आवेदको/प्रस्तावको हेतु चैक लिस्ट

आवेदको/प्रस्तावकों को निम्न प्रारूप के आधार पर अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

| क्र. स. | संलग्नक का विवरण | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1 | चैक लिस्ट प्रपत्र | |
| 2 | आवेदन पत्र (अनुलग्नक–क/ख/ग) | |
| 3 | निविदा शुल्क (रु0 2,000.00 का डिमांड ड्राफ्ट) | |
| 4 | धरोहर धनराशि शुल्क (रु0 40,000.00 की एफ.डी.आर.) | |
| 5 | रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र | |
| 6 | जी.एस.टी. प्रमाण पत्र | |
| 7 | पैनकार्ड | |
| 8 | टर्न ओवर प्रमाण पत्र (अनुलग्नक–घ) | |
| 9 | आई.टी.आर. (विगत 03 वर्षों की) | |
| 10 | वांछित कार्य अनुभव का विवरण संलग्नकों सहित (अनुलग्नक–च) | |
| 11 | कार्मिकों हेतु प्राधिकृत हस्ताक्षरी का प्रमाण पत्र (अनुलग्नक–छ) | |
| 12 | पंजीकृत कार्यालय हेतु स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र | |
| 13 | Black Listing हेतु शपथ पत्र (रु0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर) (अनुलग्नक–ज) | |
| 14 | प्रस्तुतीकरण (Presentation) की Soft & Hard प्रति | |
| 15 | EOI Document की हस्ताक्षरित प्रति मोहर सहित | |
| 16 | वित्तीय निविदा प्रपत्र प्रथक सीलबन्द लिफाफे में। | |